तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 21 मार्च 2026

12 श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर दिव्य ...



11 नगर में भाग्य विधाता फिल्म का प्रदर्शन, आध्यात्मिक...





## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ।।

## खबर संक्षेप

### युवक पर चाकू से हमला, आरोपी फरार

**बालोद।** बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी रंजिश के चलते 26 वर्षीय युवक पर कुछ युवकों ने समूह में चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इसमें युवक बुरी तरह घायल हो गया, जिसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार ग्राम मटिया बी में कुछ युवकों ने हितेश्वर यादव 26 वर्ष को अकेले में मिलने के बहाने बुलाया। जैसे ही वह मौके पर पहुंचा, पहले से घात लगाए 4–5 आरोपियों ने उस पर धारदार चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमलावरों ने उसके गले और सिर पर कई गंभीर वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ा। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल बालोद पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरु कर दी है। आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित की गई है और आटापास के क्षेत्रों में सघन तलाश जारी है।

### डोकला कुलिया में कर्मा महोत्सव सम्मान समारोह आज

**गुरूर।** कोलिहामार परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डोकला कुलिया में 21 मार्च को परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा महोत्सव एवं वरिष्ठ दंपति का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। कलश यात्र सुबह 10 बजे 12 बजे ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलित, 12.30 बजे मां कर्मा पूजा, आरती एवं 1 बजे अतिथि उद्बोधन होगा। परिक्षेत्र अध्यक्ष दुलार साहू ने बताया कि मुख्य अतिथि अध्यक्ष तेलघानी विकास बोर्ड छग शासन जितेन्द्र कुमार साहू होगे। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष मिथलेश साहू करेगे। तहसील उपाध्यक्ष दुष्यंत कुमार साहू, जनपद अध्यक्ष सुनिता साहू, जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू, जनपद सदस्य सुभद्रा साहू, संतोषी साहू, तहसील महिला उपाध्यक्ष ललिता साहू, तहसील संगठन सचिव लक्ष्मीचंद साहू, डामेश्वरी साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, संरक्षक भारत सार्वा, पूर्व संगठन शेष पेज 11 पर

# वन विभाग की मुस्तैदी, कुएं में गिरे भालू का रेस्क्यू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

वन मंडल अंतर्गत दल्ली राजहरा क्षेत्र के ग्राम जपकोहड़ा में वन विभाग की सतर्कता और तत्परता से एक बड़े हादसे को टालते हुए भालू का सफल रेस्क्यू किया गया। शुक्रवार 20 मार्च को एक भालू के कुएं में गिरने की सूचना मिलते ही वन अमला तत्काल सक्रिय हुआ और मौके पर पहुंचकर सुनियोजित तरीके से बचाव कार्य प्रारंभ किया।

घटना ग्राम जपकोहड़ा स्थित एक बाड़ी की है, जहां अचानक भालू कुएं में गिर गया था। स्थिति गंभीर होने के बावजूद वन विभाग ने धैर्य और सूझबूझ के साथ कार्य करते हुए जंगल सफारी रायपुर के विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सुरक्षित घेरा बनाकर पूरे अभियान को नियंत्रित ढंग से संचालित किया गया और अंततः भालू को सकुशल बाहर निकाल लिया गया।

इस सफल अभियान को लेकर जिला वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि वन विभाग वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की घटनाओं में त्वरित प्रतिक्रिया और प्रशिक्षित टीम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। विभाग लगातार अपने संसाधनों और कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य कर रहा है।

### टीमवर्क ने पेश की मिसाल



#### ग्रामीणों ने थपथपाई रेस्क्यू टीम की पीठ

रेस्क्यू में शामिल वन अमले के एक सदस्य उपेन्द्र कुमार ने बताया कि कुएं की गहराई और भालू की स्थिति को देखते हुए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां थीं, लेकिन टीम ने संयम बनाए रखते हुए चरणबद्ध तरीके से कार्य किया, जिससे भालू को बिना किसी चोट के बाहर निकालना संभव हो पाया। ग्राम के एक ग्रामीण किसान रामेश्वर कुणाल ने बताया कि भालू के कुएं में गिरने से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था, लेकिन वन विभाग की त्वरित कार्रवाई से स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ गई। ग्रामीणों ने विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समय में वन विभाग की मौजूदगी लोगों में विश्वास पैदा करती है।

### लापरवाही

**मुड़गहन पंचायत के आश्रित ग्राम साल्हेभाट के किसानों को भारी नुकसान**


# देवरानी-जेठानी नाला छलका 45 एकड़ की फसल डूबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

महानदी जल प्रदायक नहर शाखा से देवरानी-जेठानी नाले में क्षमता से अधिक पानी छोड़े जाने के कारण ग्राम पंचायत मुड़गहन के आश्रित ग्राम साल्हेभाट के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

- महानदी जल प्रदायक नहर शाखा से रायपुर नगर निगम के लिए छोड़ा गया है पानी

पिछले डेढ़ महीने से जारी इस जल प्रवाह ने करीब 40 से 45 एकड़ की फसल को जलमग्न कर दिया है, जिससे किसान दाने-दाने को मोहताज होने की कगार पर हैं। पीड़ित किसान रामेश्वर ध्रुव, बुधराम यादव, रूपराम साहू और अन्य ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा नहर में आवश्यकता से अधिक पानी छोड़ दिया गया है। पिछले वर्ष फसल कटाई के बाद किसानों ने अपने खर्च पर खेतों में मेड़ बंधान कराया था, जो पानी के तेज बहाव में बह गया है। अब खेत पूरी तरह टापू बन चुके हैं और उपजाऊ मिट्टी बहने से भविष्य की खेती पर भी संकट मंडरा रहा है।



### रायपुर नगर निगम के लिए छोड़ा गया है पानी

इस गंभीर समस्या पर सिंचाई विभाग के एसडीओ के. खेरडे का कहना है कि महानदी नहर शाखा में रिपेयरिंग का कार्य चल रहा है। इसी वजह से देवरानी-जेठानी नाले के माध्यम से रायपुर नगर निगम के लिए पानी की सप्लाई की जा रही है।



### तीन पशुओं की मौत विभाग बेपरवाह

ग्रामीणों का आरोप है कि नाले में पानी का स्तर इतना अधिक है कि अब तक तीन मवेशियों की मौत हो चुकी है। किसानों ने सिंचाई विभाग को लिखित आवेदन देकर जल प्रवाह कम करने की गुहार लगाई, लेकिन न तो पानी कम किया गया और न ही विभाग का कोई अधिकारी मौका मुआयना करने पहुंचा।

### निस्तारी तालाब पर भी खतरा

देवरानी-जेठानी नाला गांव के निस्तारी तालाब से सटा हुआ है। पानी के अत्यधिक दबाव के कारण तालाब की पार (मिट्टी) का कटाव शुरू हो गया है। यदि तालाब की पार टूटती है, तो ग्रामीणों के सामने निस्तारी की गंभीर समस्या खड़ी हो जाएगी।

# जंगल गए दंपती पर मधुमक्खियों ने किया हमला : एक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



महुआ बीनने जंगल गए बुजुर्ग दंपती पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। जिसमें चंपूलाल गोयल की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

- जंगल में धुआं कराने के बाद भड़की मधुमक्खियां

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गोटूलमुंडा बेलौदा निवासी चंपूलाल गोयल 66 वर्ष अपनी पत्नी सुमित्र गोयल 60 वर्ष के साथ महुआ बीनने जंगल गए थे। इस दौरान महुआ इकट्ठा करने के लिए लगाए गए आग के धुएं से मधुमक्खियां भड़क गईं और अचानक झुंड ने दंपती पर हमला कर दिया।

हमले के दौरान चंपूलाल करीब आधे घंटे तक जान बचाने के लिए इधर–उधर भागते रहे और अंत में पास के पैरावट में जाकर छिप गए, लेकिन तब तक मधुमक्खियां उन्हें बुरी तरह डंक मार चुकी थीं। इसी बीच उन्हें बचाने पहुंचे उनका बेटा और पत्नी सुमित्र गोयल भी मधुमक्खियों के हमले का शिकार हो गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से तीनों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि एम्बुलेंस में लाने के दौरान चंपूलाल होश में थे और बात भी कर रहे थे, लेकिन जिला अस्पताल बालोद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों के मुताबिक, उन्हें मधुमक्खियों ने सैकड़ों डंक मारे थे, जिससे उनकी हालत बेहद गंभीर हो गई थी। फिलहाल सुमित्र गोयल और उनके बेटे का जिला अस्पताल बालोद में इलाज जारी है। यह घटना महुआ सीजन के दौरान जंगलों में जाने वाले ग्रामीणों के लिए एक गंभीर चेतावनी है कि आग जलाने या धुआं करने से पहले सतर्कता बरतें, क्योंकि इससे मधुमक्खियां भड़क सकती हैं और जानलेवा हादसा हो सकता है। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया है और अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है।

**एक अप्रैल को होने वाली थी शादी परिजन रिश्तेदारों में बांट चुके हैं कार्ड**

# खेत में मिली युवती की जली हुई लाश, टूटा मोबाइल बनी पहेली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम चीचा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां शादी से महज 12 दिन पहले 21 वर्षीय युवती लीलेश्वरी साहू की जली हुई लाश खेत किनारे बरामद की गई। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने गांव से करीब 200 मीटर दूर खेत में शव देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस के बाद परिजनों को बुलाया गया, जिन्होंने शव की पहचान लीलेश्वरी साहू के रूप में की। बताया जा रहा है कि युवती की शादी आगामी 1 अप्रैल को होने वाली थी, जिसके लिए घर में तैयारियां जोरों पर चल रही थीं और रिश्तेदारों को शादी के कार्ड भी बांटे जा चुके थे। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और सनसनी का माहौल है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड, साइबर टीम के साथ अर्जुन्दा पुलिस और एएसपी मोनिका ठाकुर भी मौके पर पहुंचीं। जांच के दौरान घटनास्थल से करीब 150 मीटर दूर एक टूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद किया गया है, जिसे साइबर टीम ने जांच के लिए अपने कब्जे में ले लिया है। यह मोबाइल इस मामले में अहम सुराग साबित हो सकता है।

परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, युवती बुधवार दोपहर करीब शेष पेज 11 पर

### बस स्टैंड से बाइक पार, आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद

**कुसुमकसा।** मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात यहां के बस स्टैंड चौक स्थित मुख्य मार्ग से आशीष जैन के घर के बाहर खड़ी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सीजी 24 पी 6409 को अज्ञात चोर ले उड़े। चोरी की यह वारदात पास में लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें दो युवक बाइक ले जाते दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित की शिकायत पर राजहरा थाना में मामला दर्ज कराया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुसुमकसा में पिछले कुछ वर्षों में दर्जनों चोरियां हुईं, लेकिन पुलिस एक भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है।

# विधानसभा की कार्यवाही देखने पहुंचे गुरूर के कांग्रेसी कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर अंतर्गत कंकालीन मंडल अध्यक्ष सुमीत राजपूत के नेतृत्व में मंडल के कार्यकर्ता विधानसभा के बजट सत्र में विधायक संगीता सिन्हा के सानिध्य में शामिल हुए।

- विधायक संगीता सिन्हा ने शिक्षा व्यवस्था पर सदन में उठाया मुद्दा

इस अवसर सभी कार्यकर्ता प्रतिष्ठित दर्शक दीर्घा से विधानसभा के कार्यवाही को करीब से देखा तत्पश्चात प्रेस वार्ता में भी विधायक के साथ सभी कार्यकर्ता शामिल हुए। विधायक ने शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुआ कहा कि युक्ति युक्तकरण से शिक्षा व्यवस्था बदहाल हो चुकी कन्या शाला के बच्चों को बालक शाला में मर्ज कर दिया गया, शिक्षा व्यवस्था पर विधायक ने सरकार पर निशाना साधा और पूरे नवीन विधानसभा भवन का विधायक ने अवलोकन कराया। इसमें प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष सुमीत राजपूत, जनपद सदस्य अजीत कुंजाम, सेक्टर प्रभारी बल्ला कुंजाम, उमर अली, गुलेंद्र कतलाम, जनपद सदस्य प्रतिनिधि भोजराम चंद्रवंशी, ब्लॉक कांग्रेस सचिव शिवम कुरैटी, ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य हेमलाल साहू, रामगुलाल सोम, जीवधन सिन्हा, टक्कू मंडावी, आदित्य सिन्हा उपस्थित थे।

### निर्माण से पीड़िता के घर में भरने लगा था नाली का गंदा पानी

# वार्ड 22 में नाली निर्माण पर विवाद, प्रशासन ने लगाया रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर के वार्ड 22 जैन मंदिर क्षेत्र में नाली अवरुद्ध होने और जल निकासी बाधित होने का मामला अब प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद नया मोड़ ले चुका है। क्षेत्र की निवासी पुष्पा प्रसाद द्वारा लगातार की गई शिकायतों और गुहार के बाद प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए संबंधित निर्माण कार्य पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है, जिससे पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली है।

जानकारी के अनुसार, नाली के ऊपर किए जा रहे निर्माण कार्य के चलते पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गया था। इस कारण घरों में पानी भरने लगा था और स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही थी। यह नाली वर्षों से जल निकासी का मुख्य माध्यम रही है, लेकिन हालिया निर्माण कार्य के कारण इसका मार्ग अवरुद्ध हो गया था। परेशानी से जूझ रही पुष्पा प्रसाद ने कई स्तरों पर अपनी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन समाधान नहीं मिलने पर अंततः जिला कलेक्टर दिव्या मिश्रा तक पहुंचकर अपनी समस्या रखी। मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए राजस्व विभाग के तहसीलदार द्वारा संबंधित स्थल पर चल रहे निर्माण कार्य पर स्टे आदेश जारी कर दिया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी का कहना है कि मामले की जानकारी मिलते ही स्थिति पर नजर रखी जा रही है और जल निकासी व्यवस्था को बाधित नहीं होने दिया जाएगा। आवश्यकतानुसार जांच कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि आम नागरिकों को परेशानी न हो।





### तहसीलदार देवेंद्र नेताम ने रुकवाया निर्माण कार्य संयुक्त टीम करेगी जांच

तहसीलदार देवेंद्र नेताम ने बताया कि मौके की स्थिति को देखते हुए फिलहाल निर्माण कार्य पर रोक लगाई गई है। राजस्व और नगर पालिका की टीम द्वारा संयुक्त रूप से जांच की जाएगी और नियमानुसार आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। वहीं, पीड़ित पुष्पा प्रसाद ने बताया कि लंबे समय से समस्या को लेकर वे इधर-उधर भटक रही थीं, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हो रही थी। आखिरकार जिला प्रशासन तक पहुंचने के बाद उन्हें राहत मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि स्थायी समाधान भी जल्द किया जाएगा, ताकि भविष्य में इस तरह की परेशानी दोबारा न हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधा से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ पूरे क्षेत्र के लिए समस्या बन सकती है। ऐसे मामलों में समय पर कार्रवाई होना बेहद जरूरी है, जिससे आमजन को राहत मिले।

# सट्टा-पट्टी लिखते युवक गिरफ्तार, 6320रु. जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कोतवाली बालोद पुलिस द्वारा सट्टा पट्टी के साथ 1 खाईवाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से 6320 रूपये को जब्त किया गया। आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।

अवैध रूप से जुआ, सट्टा, शराब, गांजा की तस्करी को रोकने थाना स्तर पर एक विशेष टीम तैयार की गई। इसके तारतम्य में 18 मार्च को जुर्म जरायम पता साजी हेतु टऊन, देहात रवाना हुआ था कि सूचना प्राप्त हुआ कि तांदुला नदी पुल शमशान घाट गेट के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिख रहा है कि सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ने पर संदेही का नाम पता पुछने पर अपना नाम वार्ड क्रमांक 04 टिकरापारा बालोद थाना व जिला बालोद निवासी मनोज सोनकर पिता जोहरित सोनकर 33 वर्ष निवासी का होना बताया। जिसके कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी, 01 नग डाट पेन, नगदी रकम 6320 रू बरामद कर धारा 6 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 2022 के तहत कायम किया गया है।



## खबर संक्षेप

### हर्षित का नवोदय में चयन

**तुमडीबोड़।** हरदीटेका निवासी अगबर वर्मा के पुत्र हर्षित वर्मा का



चयन जवाहर नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल के लिए हुआ है। हर्षित केजूराम चौरे स्मृति विद्या मंदिर देवरी में अध्ययनरत है। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुरषोत्तम वर्मा, मुकेश वर्मा, कौशल वर्मा, आशीष वर्मा, जिपं सदस्य महेंद्र यादव, सितेश वर्मा, नवीन वर्मा, डकेश वर्मा, मूलचंद लोधी, लोकेश वर्मा, जितेन्द्र वर्मा आदि ने बधाई दी है।

### संगठन को मजबूत करने में जुटे साहू



**जालबांधा।** भाजपा कार्यकर्ता जयप्रकाश साहू इन दिनों पश्चिम बंगाल के चिनचुरा विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने जुटे हैं। वह क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और युवाओं से संपर्क कर संगठनात्मक गतिविधियों को गति दे रहे हैं। वह कार्यकर्ताओं से चर्चा कर चिनचुरा विधानसभा में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं।

### सात स्कूल भवन मंजूर

**मोहला।** स्कूल शिक्षा विभाग ने भवन निर्माण को लेकर आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार विकासखंड मोहला अंतर्गत प्राथमिक शाला लोधीटोला, प्राथमिक शाला नवाटोला एवं प्राथमिक शाला अमलीडीह शामिल हैं। वहीं पूर्व माध्यमिक शाला जोबटोला तथा मानपुर विकासखंड अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शालाएं तोलूम, हुरेली एवं कारेकट्टा में भवन निर्माण को स्वीकृति मिली है।

### देवी मंदिरों में जले आस्था के जोत

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि पर्व श्रद्धा एवं धार्मिक माहौल में मनाया जा रहा है। नवरात्र के पहले दिन देवी दरबारों में जोत जगमगाने लगे हैं। पर्व के पहले दिन से देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया है। गुरूवार को सभी देवी मंदिरों में विधि विधान से पूजा अर्चना कर घट स्थापना कर ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। नर्मदा मंदिर में 184, सिद्ध बाबा मंदिर घिरघोली में 201 तथा अतरिया शीतला मंदिर में 40 मनोकामना ज्योति कलश जगमगा रहे हैं। इसी प्रकार बंजारी मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, चोरड़ाधाम में भी बड़ी संख्या में ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं।

## बेलगांव में गहराने लगा पेयजल संकट, ग्रामीण परेशान

# चार साल में नहीं बनी पानी टंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

महत्वाकांक्षी नल जल योजना धरातल पर दम तोड़ते नजर आ रही है। लाखों खर्च करने के बाद में लोग पेयजल के लिए भटक रहे हैं। क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक ऐसे गांव हैं जहां नल जल योजना के तहत लाखों की लागत से पानी टंकी का निर्माण एवं पाईप लाईन का विस्तार किया जा रहा है। अधिकांश जगह बीते चार साल से निर्माण अधूरा है। कहीं टंकी निर्माण के बाद पाईप लाईन का विस्तार नहीं हुआ है, तो कहीं पानी टंकी में लिकेज है।

ग्राम पंचायत खैरा नवापारा के आश्रित ग्राम बेलगांव में लगभग 80 लाख की लागत से पानी टंकी एवं पाईप लाईन का विस्तार किया जा रहा है जो आज तक निर्माणाधीन है। यहां कतिपय कारण से बीते चार में पानी टंकी का निर्माण नहीं हो सका है। वहीं पाईप लाईन का विस्तार कार्य भी शेष है। ग्रामीणों को बोर से सीधा पाईप लाईन के जरिए पानी की सप्लाई किया जा रहा था किन्तु जल स्तर में कम होने के कारण सप्लाई प्रभावित हुई है।



### आधा किमी दूर से जलापूर्ति

लगभग एक हजार आबादी वाले इस गांव में करीब आधा दर्जन हैंडपम्प और कुआं है। सभी की स्थिति गंभीर है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां गर्मी शुरू होने से पहले ही पेय एवं निस्तारी जल की समस्या गहरा रही है। महेन्द्र जंघेल ने बताया कि लोग आधा किलोमीटर दूर स्थित सार्वजनिक एवं निजी बोर से पानी लाकर गुजर बसर कर रहे हैं। तालाब में पानी कम होने बाद नहाने एवं मवेशियों के लिए समस्या खड़ी हो गई है।

### समस्या की सुध नहीं

पूर्व सरपंच गोरेलाल जंघेल ने बताया कि निर्माण कार्य चार साल से जारी है जो आज तक पूरा नहीं हुआ है। इस समस्या से विभाग को कई दफा अवगत कराया गया है पर अब तक अधिकारियों ने काम को पूरा कराने में गंभीरता नहीं दिखाया है। ठेकेदार की लापरवाही के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है।

# शिशु मंदिर के बच्चों ने मनाया हिंदू नववर्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में हिंदू नव वर्ष धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम प्रबंधन शिक्षा समिति के संरक्षक हेमराय सिन्हा, व्यवस्थापक अलखराम साहू ने भारत माता, श्री राम एवं हेडगेवार के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। तत्पश्चात भैया बहनों ने राम, सीता, लक्ष्मण हनुमान का वेश धारण कर भजन के साथ शोभायात्रा निकाला। अंत में राष्ट्रीय स्वयं सेवक ने आद्य सरसंघचालक प्रणाम किया। कार्यक्रम में डामन जोशी, आशा साहू, कुलेश्वरी साहू, राधा इंदौरिया, प्रियंका देशमुख, इंद्रजीत साहू, डीकेश साहू, अर्चना यदु, भूपेश्वरी साहू, तोरण सोनकर, पालेंद्र नेताम, विनीता साहू उपस्थित थे।

### आधार और मोबाइल नंबर अपडेट कराना अनिवार्य

**मोहला।** जिला प्रशासन ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज समय पर अपडेट कराने कहा है जिसमें आधार कार्ड, बैंक अकाउंट और मोबाइल नंबर शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि इन दस्तावेजों में कोई गलती या अधूरी जानकारी होने पर लाभार्थियों को योजना का लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। जिला प्रशासन ने कहा कि यदि आधार में नाम परिवर्तन या अन्य व्यक्तिगत जानकारी में बदलाव हुआ है, तो उसे तुरंत अपडेट करना आवश्यक है। इसी प्रकार, बैंक अकाउंट में मोबाइल नंबर सही होना जरूरी है।

# मसाला व सुगंधित फसलों की खेती का किसानों को प्रशिक्षण

- कृषि अनुसंधान केन्द्र की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

पान अनुसंधान केंद्र छुईखदान एवं रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र छुईखदान के संयुक्त प्रयास से मसाला एवं सुगंधित पौधों का उत्पादन एवं प्रसंस्करण विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय उपस्थित थे। उन्होंने मसाला फसलों के उत्पादन, महत्व एवं पान की खेती की जानकारी देते हुए किसानों को क्लस्टर फार्मिंग अपनाने की सलाह दी, जिससे विपणन में सुविधा मिल सके।

अध्यक्षता कर रहे डॉ. पीके जोशी प्राध्यापक पादप प्रजनन एवं आनुवंशिकी विभाग ने की। उन्होंने मसाला एवं औषधीय सुगंधित पौध परियोजना के उद्देश्यों एवं क्षेत्र में इसकी संभावनाओं पर प्रकाश डाला।अधिष्ठाता डॉ. एके गुप्ता ने हल्दी, धनिया एवं करायत जैसी मसाला फसलों के बीज उत्पादन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी किसानों को दी। विशिष्ट अतिथि अखिल जैन ने प्राकृतिक खेती के माध्यम से पान एवं मसाला फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में डॉ. धर्मेंद्र खोखर एवं डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने उन्नत तकनीकों के माध्यम से मसाला एवं औषधीय फसलों की खेती पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. बीएस असाटी वरिष्ठ वैज्ञानिक पान अनुसंधान केंद्र ने पान की पौध उत्पादन एवं खेती की तकनीकों पर मार्गदर्शन दिया। पान अनुसंधान केंद्र द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन के सहयोग से 5 किसानों के शेडनेट स्थापित कर पान उत्पादन प्रारंभ कराया गया है। बंगला एवं देसी पान की पौध, बांस, खाद एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है, जिससे क्षेत्र में विलुप्त होती पान खेती को पुनर्जीवित किया जा सके।




### किसान सम्मानित

कार्यक्रम में पान की खेती शुरू करने वाले 5 किसान सजेलाल जंघेल, भरत, हिन्चाराम साहू, रवि साहू एवं सुनील महोबिया को सम्मानित किया गया। महिला स्व-सहायता समूहों को भी पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर ग्राम गुमानपुर के किसान सजेलाल जंघेल के खेत का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मसाला फसलों पर आधारित पुस्तिका एवं फोल्डर का विमोचन तथा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। संचालन डॉ. बीएस असाटी एवं डॉ. दीपिका देवदास ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. धर्मेंद्र खोखर ने किया। प्रशिक्षण में 75 से अधिक किसान शामिल हुए।

### जिलेभर में शौचालयविहीन घरों का सर्वे

**मोहला।** स्वच्छता को बढ़ावा देने और प्रत्येक पात्र परिवार को शौचालय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत ऐसे परिवारों की पहचान की जा रही है, जिन्हें अब तक व्यक्तिगत शौचालय योजना का लाभ नहीं मिला है। जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों में सचिव, रोजगार सहायकों, कोटवारों के माध्यम से डोर-टू-डोर सर्वे कराया जा रहा है ताकि उन्हें योजना से जोड़ा जा सके। चिन्हित हितग्राहियों को ग्राम पंचायत या जनपद पंचायत में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत करने कहा जा रहा है।

# देवी मंदिरों में जले मनोकामना ज्योति कलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

देश में विख्यात मां बम्लेश्वरी के मंदिर में चैत्र नवरात्र पर्व शुरू हो गया है। मां बम्लेश्वरी के उपर एवं नीचे मंदिर सहित शहर के शीतला, रणचंडी, दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, शिव साई मंदिर, रेंगाकठेरा गढ माता मंदिर, कारीपाठ, करेला भंडारपुर भवानी मंदिर, विध्यवासिनी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में लगभग 50 हजार से अधिक ज्योति कलशों की स्थापना की गई है।

जानकारी के अनुसार सबसे बडे आस्था का केन्द्र मां बम्लेश्वरी के मंदिर में देश- विदेश के भक्तों ने ज्योति कलश स्थापना करवाया है। बाहर से आए आचार्य, पंडितों एवं बैंगाओं की उपस्थिति में उपर मंदिर में 7531, नीचे मंदिर में 901, शीतला मंदिर में 61 एवं छिन्नमस्ता मंदिर में 7 ज्योति कलश की स्थापना की गईं।

माता की आरती एवं काल भैरव के आवाहन और हनुमान की स्तुति के साथ ही प्रथम ज्योत की पूजा कर बम्लेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने प्रज्वलित किया। तत्पश्चात ट्रस्ट के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और कर्मचारियों ने कलशों को प्रज्वलित किया।

## मंदिरों में धार्मिक आयोजन का दौर





### दिखने लगी भक्तों की भीड़

एकम के साथ ही दर्शनार्थियों की आवाजाही शुरू हो गई। प्रशासन, ट्रस्ट समिति और धार्मिक संगठनों ने श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था किया है। नवरात्र के पहले दिन रेल एवं सडक मार्ग से बड़ी संख्या में भक्त देवी दर्शन के लिए पहुंचे।

### दुकानों में अवैध कनेक्शन

स्टालों और स्थाई दुकानों में विद्युत विभाग के कर्मचारियों की सांठगांठ से बिजली के अवैध कनेक्शन देने की जानकारी मिली है। विद्युत विभाग के अधिकारी मुख्यालय से गायब है। आगजनी जैसी घटना को रोकने के लिए दुकानों में अग्निशमन यंत्र भी नहीं हैं।

### मनमानी पर अंकुश नहीं

नवरात्र के पहले दिन से ही निजी पार्किंग वालों की मनमानी देखने मिल रही है। पार्किंग वालों के गुर्गे दबाव पूर्वक वाहनों को रोक रहे है। इसी प्रकार छिरपानी मार्ग पर स्थित होटल और नारियल प्रसाद दुकान वाले वाहनों को रोक कर जबरन अपनी दुकानों में ले जाने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। छिरपानी मार्ग पर चलते वाहनों को रोकने से दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है।

### सफाई और पेयजल सुविधा की अनदेखी

नवरात्रि के दौरान नगर पालिका सफाई और पानी की व्यस्था को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रही है। अधिकारी केवल कर्मचारियों के बीच खड़े होकर फोटो खिचाते नजर आए जबकि गंदगी से भरी नाली की न तो सफाई की गई है और न मेला के आसपास दवाई छिड़काव किया गया है। गर्मी को देखते हुए पेयजल के स्टाल भी दिखाई नहीं दे रहे हैं।

## शिक्षक मदन मंडावी हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ ने राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन रायपुर के वृंदावन सभा हाल में किया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक मदनलाल मंडावी को कर्मवीर रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है।

वर्तमान में अकादमी ने श्री मंडावी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस आयोजन के मुख्य अतिथि मंत्री गुरु खुशवंत साहेब थे। अध्यक्षता सुश्री मोना सेन ने की। विशिष्ट अतिथि विधायक उत्तरी जांगड़े, कविता प्राण लहरे, चातुरी नंद थी। कार्यक्रम में संजय मैथिली, अध्यक्ष मीना भारद्वाज, परसराम साहू, डॉ. राजेन्द्र पाटकर, मोहित शर्मा, मेहत्तर देवांगन, महादेव जायसवाल, मधु देवांगन एवं दिनेश कुरेटी शामिल हुए।

# रानी अवंती के शौर्य को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

क्षेत्र के विभिन्न गांव में शुक्रवार लोधी समाज एवं ग्रामीणों ने 1857 की क्रांति में अपने प्राण की आहुति देने वाली रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया। चकनार नर्मदा में सर्किल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल, गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, उत्तम जंघेल, दशमत जंघेल, निर्मला विजय वर्मा, कामदेव जंघेल, अशोक जंघेल, डेरा लाल मसखरे शामिल हुए। सुबह शीतला मंदिर से नर्मदा तक कलश यात्रा निकाला गया जिसमें सैकड़ों महिलाएं, बालिकाएं एवं युवा शामिल हुए।

अवंती चौक पर प्रतिमा की पूजा अर्चना कर नमन किया गया। तत्पश्चात यात्रा लोधेश्वर मंदिर पहुंची। यहां पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि अवंतीबाई का बलिदान समाज और देश के लिए प्रेरणा दायक है। उनके बलिदान ने हम सबको एक सूत्र में बांधा है। गिरवर जंघेल ने रानी के साहस का बखान किया। मोतीलाल जंघेल ने अवंतीबाई के संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला।



### प्रसादी वितरित

इस अवसर पर सामाजिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने नर्मदा में स्थित लोधेश्वर महादेव का पूजा अर्चना कर नमन किया गया। तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। इसी प्रकार घिरघोली, ओटेबंद, अतरिया, संडी, बेलगांव आदि में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तीरथ चंदेल, कामदेव जंघेल, ज्योति जंघेल, लुकेश्वरी जंघेल, लता जंघेल, कविता जंघेल, प्रियंका जंघेल, प्रकाश जंघेल, दुर्जन जंघेल, महावीर वर्मा, श्रवण जंघेल, श्यामु जंघेल, नंद चंदेल, अवध जंघेल, केदार जंघेल, मिनेश जंघेल, कैलाश वर्मा, नेतराम जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, मनोज जंघेल, राहुल सिंह, राजेश जंघेल, नोपाल जंघेल, कुंदन जंघेल, अनिकेत जंघेल, प्रदीप जंघेल, अरविन्द जंघेल, डोगेन्द्र जंघेल, रूपलाल, मनोज जंघेल, हरिओम, बालकिशन जंघेल, लिखन जंघेल, अकेश जंघेल, राजेश जंघेल, गीता राम, महेन्द्र जंघेल, जितेन्द्र, रूपलाल जंघेल, रोशन जंघेल, गोरेलाल जंघेल, जितेन्द्र, लोमेश जंघेल, पृथ्वी जंघेल, टोप कुमार, लक्ष्मीकांत, भुनेश्वर, गनपत जंघेल, डोनेश, भानु जंघेल शामिल हुए।

### सड़क अतरिया में आज शौर्य दिवस

सड़क अतरिया में लोधी समाज एवं ग्रामीणों के संयुक्त तत्वाधान में कल शनिवार को बलिदान दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर रानी के शौर्य एवं बलिदान को याद कर नमन किया जाएगा। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कोमल जंघेल होंगे। अध्यक्षता पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में लोधी समाज के जिला अध्यक्ष उत्तम जंघेल, तीरथ चंदेल, निर्मला विजय वर्मा, नंद जंघेल, अशोक जंघेल, नेतराम जंघेल शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे सैकड़ों महिलाएं एवं बालिकाएं भोजली यात्रा निकालेंगी जो हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। तत्पश्चात मोहतरा साजा के शारदा जस परिवार द्वारा सुआ नृत्य की प्रस्तुति दिया जाएगा।

## जयंती पर गांव-गांव में हो रहे आयोजन

# माता कर्मा का त्याग और भक्ति प्रेरणादायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

ग्राम सालिक झीटिया में साहू समाज एवं ग्रामवासियों ने भक्त माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया। आयोजन में हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुई। त्पश्चात शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी थे। उन्होंने माता कर्मा के जीवन एवं उनके त्याग, भक्ति और समाज सेवा के प्रेरणादायक प्रसंगों को साझा करते हुए युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने प्रेरित किया।

श्री गांधी ने कहा कि माता कर्मा केवल एक धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सेवा और संस्कारों की जीवंत प्रेरणा हैं। कार्यक्रम में शिवराम साहू, धर्मेंद्र साहू, सीएल हिरवानी, मूलचंद साहू, चित्रलेखा साहू, पार्षद कोमल साहू, ढेरहीन साहू, रेशम साहू, मोहिन साहू, इनेश्वर साहू, नीलकंठ, दूरदर्शन, सेवाराम, गणेश, तुलसीराम, महेश साहू, बेमराम साहू आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### जिला स्तरीय आयोजन 22 को

**डोंगरगांव।** साहू समाज की अधिष्ठात्री माता कर्मा की जयंती का जिला स्तरीय समारोह आगामी 22 मार्च को नगर में आयोजित किया गया है। समाज के प्रदेशाध्यक्ष डां. निरेन्द्र साहू के संरक्षण में आयोजित समारोह में सीएम विष्णुदेव साय, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरुण साव, प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों ने बताया कि खेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कर्मा जयंती समारोह में साहू समाज के 11 जोड़ों का आदर्श विवाह होगा। प्रदेशाध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, मधुसूदन यादव, विधायक मोतीलाल साहू, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू, विधायक भोलाराम साहू, दलेश्वर साहू, पर्यटन बोर्ड अध्यक्ष नीलू शर्मा, पूर्व विधायक छन्नी साहू, खेदूराम साहू, जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, कोमल सिंह राजपूत, अंजू त्रिपाठी सम्मिलित होंगे।

### तरूणा- स्वेच्छा की प्रस्तुति





आयोजकों ने बताया कि समारोह के दौरान पंडवानी गायिका तरुणा साहू एवं 13 वर्षीय गायिका स्वेच्छा साहू संगीतमय प्रस्तुति देंगी। इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवा के लिए सामाजिकजनों को सम्मानित किया जाएगा।

### समाज की संस्कृति और संस्कार को बचाए : साहू

**डोंगरगांव।** कोकपुर मे परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू थे। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष शिवराम साहू ने की। विशेष अतिथि हेमंत साहू थे।इस मौके पर माता कर्मा का पूजा अर्चना और सामूहिक आरती किया गया। परिक्षेत्र कार्यालय मे ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि श्री साहू ने इस मौके पर कहा कि आज समाज के संस्कार, संस्कृति को बचाना जरूरी है। समाज के लोग राजनीतिक विकास करे पर समाज के अंदर राजनीति न करे। तहसील संरक्षक हेमंत साहू ने माता कर्मा का बखान किया। परिक्षेत्र अध्यक्ष बेलस साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान ठाकुरराम साहू, बिजेलाल साहू , यादोराम साहू, खेमचंद साहू, मोहनी साहू, गोविं साहू, मोहन साहू, प्रीतम साहू, पोवादास साहू, प्रभा साहू, दयाराम साहू, देवेन्द्र साहू, प्रकाश साहू, नोहर साहू आदि सहित बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

# साइंस ओलंपियाड में आंजनेय और आदिशिव का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साइंस ओलंपियाड में शहर के दो प्रतिभाशाली छात्रों ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता हासिल की है। दोनों छात्रों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित नेशनल साइंस ओलंपियाड लेवल-2 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और राज्य को गौरान्वित किया है।

नीरज वाजपेई इंटरनेशनल स्कूल बोरी के कक्षा 3री के विद्यार्थी आदिशिव मोदी ने जोनल रैंक में प्रथम स्थान हासिल कर जोन टॉपर तथा इंटरनेशनल रैंक-28 प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें इस उपलब्धि के लिए 5000 रुपए की धनराशि, स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। वहीं उनके भाई आंजनेय मोदी ने जोनल रैंक में 21 तथा इंटरनेशनल रैंक में 502 स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसके लिए उन्हें सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सीलेंस प्रदान किया जाएगा।

### अनुशासन और समर्पण के साथ तैयारी

ओलंपियाड एक प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान प्रतियोगिता है। जिसमें भारत सहित विश्वभर के लाखों छात्र भाग लेते हैं। यह परीक्षा छात्रों के वैज्ञानिक ज्ञान, तार्किक क्षमता एवं समस्या समाधान कौशल का मूल्यांकन करती है। विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों ने बताया कि दोनों बच्चों ने कम उम्र में ही कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के साथ तैयारी की है। स्कूल के संचालक नीरज बाजपेयी एवं प्राचार्य एकता गांधी के मार्गदर्शन में यह सफलता संभव हुई है। इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय का नाम रोशन हुआ है, बल्कि यह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना है। बच्चों के माता-पिता डॉ. अमित मोदी एवं डॉ. विधि मोदी ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते दोनों को बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक और मिडिल स्कूल में बच्चों को परोसा गया न्योता भोज

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा ने अपने जन्मदिन पर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बगईकोन्हा सिरपुर के लगभग 100 बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर बच्चों को केला, खीर, पूरी परोसा गया, जिससे पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम शिवनाथ बघेल, तहसीलदार हिंसा राम नायक, एबीओ अश्वन साहू सहित शिक्षा विभाग के अनेक अधिकारी, संकुल समन्वयक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। संकुल समन्वयक रूपराम गोटे, प्रधानपाठक टी.एल. राणा, महेश जगनायक, शिक्षक मनीष देशमुख, राजेश नायक, तेजस्वी नाथ योगी,केसर साहू, मोहित भौसार्य सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। प्राथमिक शाला बगईकोंहा टी के नवोदय विद्यालय में चयनित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का एसडीएम शिवनाथ बघेल ने सम्मान किया गया।

### 2.93 लाख रुपए का गांजा जब्त, गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रूप से गांजा बेच रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर खेरधा बाजार चौक जामुल निवासी दिलावर अली के पास से 5.876 ग्राम गांजा जब्त किया गया। उसे घेरबंदी कर गिरफ्तार किया गया। गांजा की कीमत 2.93 लाख रुपए आंकी गई है। एक प्लास्टिक बोरी में गांजा को रखा हुआ था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## मांग : लंबित एरियर और चिकित्सा सुविधा की मांग

# महंगाई भत्ता और एरियर को लेकर धरना प्रदर्शन, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पेंशनर्स समाज डौंडीलोहारा द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पेंशनर्स शामिल हुए और अपनी समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया।

धरना-प्रदर्शन के पश्चात पेंशनर्स समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व सभी पेंशनर धरना स्थल से रैली की शक्ल में एसडीएम कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन में महंगाई के अनुरूप पेंशन वृद्धि, महंगाई भत्ता प्रदान करने, लंबित एरियर भुगतान, बेहतर चिकित्सा सुविधा एवं पेंशनर्स कल्याण से जुड़ी मांगें शामिल है।






कार्यक्रम में पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष सियाराम सार्वा, उपाध्यक्ष नौशाद राम गंगबोईर, जिला उपाध्यक्ष चुन्नीलाल साहू, कार्यकारिणी सदस्य मन्नू लाल साहू, भोमन सिंह ठाकुर, सी एल सुकतेल, आर के देवांगन, गजेंद्र डड़सेना सहित अनेक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुरुष व महिला सदस्य उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई के चलते पेंशनधारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए शासन को उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। अंत में शांतिपूर्ण ढंग से धरना-प्रदर्शन संपन्न हुआ। पेंशनर्स समाज ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन सचिव भगवंत देवांगन व आभार प्रदर्शन भोलाराम साहू ने किया।

# बाल मैत्री से गूंजा नेहरू नगर स्कूल परिसर, बच्चों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर में शुक्रवार को वार्ड 26 नेहरू नगर स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल नया बाजार में बाल मैत्री कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में आंगनबाड़ी केंद्र के नन्हें बच्चों और प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों की सहभागिता ने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों को शाला भ्रमण कराते हुए की गई। इसके माध्यम से छोटे बच्चों में स्कूल के प्रति अपनापन और जिज्ञासा विकसित करने का प्रयास किया गया। इसके बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को बाल गीत, शारीरिक व्यायाम, खेलकूद और मनोरंजक गतिविधियों में शामिल किया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उनके चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलकता नजर आया।

कार्यक्रम में प्रधान पाठक मुकेश कुमार कोराम के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रभा ठाकुर, शर्वरी चक्रवर्ती, अनीता बंजारे, ईश्वरी सोनवानी, पूर्णिमा ऊके, सालिना वानखेडे, प्रमिला ठाकुर, सुनैना साहू, पूनम, अनीता कसार, इंदिरा निर्मलकर, सरिता मेश्राम, रिजु यादव, लक्ष्मी सोनी सहित अन्य सहयोगियों और अभिभावकों की उपस्थिति रही। बाल मैत्री कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों को विद्यालयीन वातावरण से सहज रूप से जोड़ना, उनमें सामाजिक और मानसिक विकास को प्रोत्साहित करना तथा प्रारंभिक शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है। ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, समूह में काम करने की भावना विकसित करते हैं और सीखने को आनंददायक बनाते हैं।





# जिपं सीईओ ने किया मनरेगा और पीएम आवास कार्यों का निरीक्षण



**बालोद।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद सुनील कुमार चंद्रवंशी द्वारा केंद्र सरकार द्वारा संचालित मनरेगा योजना के तहत चल रहे मजदूरी मूलक कार्यों का विभिन्न पंचायतों में निरीक्षण किया। इसमें ग्राम पंचायत बघमरा, टेकापार एवं भाईनापार शामिल हैं। इसमें मजदूरी मूलक कार्यों का बारीकी से निरीक्षण कर कार्य में लगे मजदूरों से कार्य संबंधित चर्चा किया साथ ही तकनीकी अम्लों को गुणवत्तापूर्वक कार्य कराने निर्देश दिया।

इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत चल रहे विभिन्न आवासों का भी निरीक्षण किया। हितग्राहियों से योजना के सफल कियान्वयन एवं तय समय–सीमा में पूर्ण कराये जाने हेतु प्रमुख विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपरोक्त निरीक्षण में एपीओ नरेगा, एपीओ, एपीओ आवास, आवास समन्वयक आवास एवं जनपद सीईओ, एसडीओ, कार्यक्रम अधिकारी नरेगा, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव एवं समस्त नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# टटेंगा-भरदा-मोहंदीपाट मार्ग निर्माण के लिए 450.86 लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जिले में अधोसंरचना विकास को नई दिशा मिलते हुए बहुप्रतीक्षित टटेंगा-भरदा-मोहंदीपाट मार्ग के निर्माण कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। यह उपलब्धि जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के निरंतर प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है। लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार सड़क निर्माण एवं उन्नयन के लिए लगभग 450.86 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

बताया जाता है कि इस मार्ग की मांग लंबे समय से की जा रही थी। ग्रामीणों द्वारा किए गए धरना-प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख स्वयं मौके पर पहुंचे थे और सड़क निर्माण को लेकर आश्वासन दिया था, जो अब साकार होता नजर आ रहा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव, किशोरीलाल साहू, रमेश सोनवानी, महामंत्री द्वय राधेश्याम देवांगन, टूमन साहू, उपाध्यक्ष उत्तम साहू, रामलाल नायक, कोषाध्यक्ष नरेश साहू, अरविंद सुराना, जनपद अध्यक्ष कांतिप्रकाश सोनबरसा, जिलापंचायत सदस्य प्रभाराम नायक, जनपद सदस्य चितरेखा साहू, दुलारी देवांगन, पोषण देवांगन, जयपाल साहू, घसिया साहू, भूनेश्वरी ठाकुर, ऊर्मिला साहू, अंकालू सहारे, फनेश्वर साहू, शुभम देशमुख, यादराम सिन्हा, संतराम तारम, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। सभी ने जिला अध्यक्ष के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को दुर्ग तक आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही, यह मार्ग क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगा।





### पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने किया माता बम्लेश्वरी का दर्शन

**अंडा।** प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने चैत्र नवरात्रि के द्वितीय दिवस पर राजनांदगांव जिले के धर्म नगरी डोंगरगढ़ पहुंचे। उन्होंने सपरिवार मां बम्लेश्वरी देवी के दरबार पहुंचकर उनके दर्शन किये और पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना। साथ ही वे नीचे छोटी मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया।

## पेज 9 का शेष

### खेत में मिली युवती ...

12 बजे घर से निकली थी, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। अगले दिन गुरुवार को उसकी लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। एएसपी मोनिका ठाकुर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और हर एंगल से मामले की पड़ताल जारी है।

### डोकला कुलिया में ...

सचिव यु .प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ अजेन्द्र साहू, संरक्षक सविता साहू, सरपंच त्रिभा बंजारे, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष बरदानी ठाकुर के आतिथ्य में होगा।

# हिंदू नववर्ष पर की भारत माता की आरती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

■ 100 स्थानों पर एक साथ आरती और दीपोत्सव

सर्व समाज समरसता समिति द्वारा भारतीय नववर्ष के स्वागत में 19 एवं 20 मार्च को दिव्य आयोजन हुआ। गुरुवार शाम दल्लीराजहरा और चिखलाकसा नगर के लगभग 100 स्थानों पर शाम 7 बजे एक साथ भारत माता की सामूहिक आरती और दीपोत्सव आयोजित किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर दीप प्रज्वलित किए और उत्साहपूर्वक नव वर्ष का स्वागत किया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल देखने को मिला।

वार्ड क्रमांक 2 रामनगर चौक स्थित आजाद नगर में राधेलाल निर्मलकर के नेतृत्व में आरती का आयोजन हुआ। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय नव वर्ष का दिन कई दृष्टियों से अत्यंत महत्वपूर्ण है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी। यह दिन गुड़ी पड़वा और उगादि जैसे पर्वों के रूप में भी विभिन्न क्षेत्रों में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इसी दिन सम्राट विक्रमादित्य ने अपने राज्य की स्थापना की थी, भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ था और चैत्र नवरात्रि का आरंभ होता है। साथ ही सिखों के द्वितीय गुरु अंगद देव का जन्म, स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा आर्य समाज की स्थापना, भगवान झूलेलाल का प्राकट्य, धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक और महर्षि गौतम का जन्म भी इसी दिन से जुड़ा माना जाता है।

# नगर में भाग्य विधाता फिल्म का प्रदर्शन, आध्यात्मिक संदेश से जुड़ा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सिंध की धरती से उदित संस्थापक दादा लेखराज कृपलानी के जीवन पर आधारित फिल्म 'भाग्य विधाता' का विशेष प्रदर्शन माथुर सिनेप्लेक्स में किया गया। इस आयोजन में शहरवासियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही और बड़ी संख्या में लोगों ने फिल्म का लाभ उठाया।

उद्घाटन ब्रह्माकुमारी केंद्र दल्लीराजहरा की संचालिका पूर्णिमा बहन, नगर पालिका अध्यक्ष तोरन लाल साहू, समाजसेवी साहित्यकार शिरोमणि माथुर, ब्रह्माकुमारी स्वर्णा बहन, आशा बहन, संजय पंजवानी, गोपेश सोनवानी, तथा टी.आर. राणा सहित अन्य उपस्थितजनों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्णिमा बहन ने फिल्म के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 'भाग्य विधाता' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि त्याग, तपस्या और सेवा की जीवंत प्रेरणा है। इसमें दादा लेखराज के जीवन के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि परमात्म शक्ति के सान्निध्य में रहकर मनुष्य अपने जीवन को श्रेष्ठ बना सकता है। उन्होंने कहा कि राजयोग के अभ्यास से व्यक्ति अपने संस्कारों को शुद्ध कर, दैवी गुणों को आत्मसात कर, सुख-शांति और समृद्धि की प्राप्ति कर सकता है।

उन्होंने आगे बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्था पिछले 90 वर्षों से विश्व के 140 से अधिक देशों में आध्यात्मिक सेवा के माध्यम से मानव जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य कर रही है। संस्था का मुख्य उद्देश्य आत्माओं में जागरूकता लाना और उन्हें राजयोग के माध्यम से सशक्त बनाना है।









**खबर संक्षेप**



## संकुल केंद्र रानाखुज्जी के चार छात्रों का नवोदय में चयन

**डौंडीलोहारा।** संकुल केंद्र रानाखुज्जी से चार विद्यार्थियों का जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में वेदांश साहू, तानिया, रिषिका एवं रिद्धिमा खरे शामिल हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संकुल एवं विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य सुदीप कुमार साहू, प्राचार्य संजारी गुलाबचंद नायक, संकुल समन्वयक भागवत इंदोरिया, प्रधान पाठक रानाखुज्जी बलराम सोनकर, शिक्षिका नीता मानिकपुरी, रंजीता देवांगन, प्रधान पाठक आलीवारा पी.पी. मंडावी तथा सेजेस रानाखुज्जी के के.पी. टंडन, विवेक साव, हिमांशु साहू एवं दाविंदर रावटे ने विद्यार्थियों को गुलाल लगाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया।

## कुशरेल व जंजगीरी में आज क्रिकेट स्पर्धा



**अंडा।** कुथरेल, जंजगिरी, भानपुरी, ग्राम के रामलीला मैदान में आयोजित सभापति ट्रॉफी वार्ड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता दूसरे दिन भी चरम पर है। 21 मार्च को खेले जाने वाले मुकाबलों में क्षेत्र के कुशरेल, जंजगीरी और भानपुरी की टीमें आमने-सामने होंगी। दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और हर मैच में कांटे की टक्कर की उम्मीद है। इसका प्रसारण 108 Live YouTube चैनल पर किया जा रहा है। आयोजक लोमश चंद्राकर एवं उनकी टीम द्वारा इस प्रतियोगिता का सफल संचालन किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है।

## कमरौद में चैत्र नवरात्रि पर विभिन्न कार्यक्रम

**बालोद।** जय बजरंगबली मंदिर समिति कमरौद द्वारा चैत्र नवरात्रि महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 19 मार्च को घटस्थापना, ज्योति प्रज्जवलन किया गया। 23 मार्च को पंचमी मनाया जाएगां 26 मार्च को अष्टमी पूर्णाहूति हवन संपन्न होगा। 27 मार्च को नवमी के अवसर पर शोभा यात्र निकाला जाएगा। वही 2 अप्रैल को हनुमान जयंती मनाया जाएगा जिसमे दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक जय मां सरस्वमी रामधुनी मंडली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समिति के अध्यक्ष उग्रसेन ठाकुर, उपाध्यक्ष सेरेन्द्र कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष बिसम्भर चतुर्वेदी, सचिव दारासिंह साहू, संरक्षक पुनीत राम देशलहरे, प्रमेन्द्र कुमार साहू, सुंदर लाल देवदास, पुजारी दुर्गाप्रसाद पांडे सदस्य दिनूराम, बिरेन्द्र साहू, बलराम साहू, कामता साहू, लखन लाल ठाकुर, अरूण साहू, दिनेश पटेल, जनकलाल कंवर, कमलचंद कंवर सहित ग्रामीणों का सहयोग है।

**आयोजन**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्ता पर जोर

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल में बाल मैत्री कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला, संबलपुर में 20 मार्च को बाल मैत्री कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग डौंडीलोहारा से परियोजना अधिकारी सुनील साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ ही शाला की प्रधानपाठक वीणा ठाकुर एवं सभी शिक्षकगण, पालकगण और बच्चे भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सुनील साहू, संस्था प्रमुख वीणा ठाकुर एवं उपस्थित पालकगणों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्री साहू ने अपने संबोधन में बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी एवं शाला के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी से शाला में प्रवेश करने वाले बच्चों को भाषा संबंधी कठिनाइयों एवं नए वातावरण में ढलने में सहायता प्रदान करना इस पहल का प्रमुख लक्ष्य है। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों को उनके स्तर के अनुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर भी जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा पहली एवं आंगनबाड़ी के बच्चों द्वारा गीत एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक सुनीता साहू, बसंती पीकेश्वर, राबिन नागवंशी, दिव्या भारती तथा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1, 2, 3 एवं 4 की सहायिकाएं शकुन्तला, खोरबाहरीन, लता साहू, तुलेश खरे सहित अन्य सहयोगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चे विपिन, हिमांश, जनित, लाव्य, विकास, यूरानी, गगन साहू, विक्रांत यादव, राशि साहू, भाव्या, टिया, चांदनी, चिराग, दिव्यांश, अमन आदि तथा पालकगण तरुण पटेल, नारायण पटेल, भुनेश्वरी पटेल, उत्तम पटेल, भगत साहू, संतराम यादव, गंगाबाई, रूबी एवं अमरौतिन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल कुमार दिल्लीवार द्वारा किया गया।

# जिले में उल्लास नव भारत साक्षरता महापरीक्षा कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में 22 मार्च को आयोजित होने वाली उल्लास नव भारत साक्षरता अभियान अंतर्गत महापरीक्षा को एक बड़े जनआंदोलन का रूप दिया जा रहा है। अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण बालोद कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन बालोद मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में यह अभियान पूरे जिले में व्यापक रूप से चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य हर व्यक्ति तक शिक्षा की रोशनी पहुँचाना है। सभी जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएँ और अपने आसपास के अशिक्षित लोगों को इसमें जोड़ें।

सचिव जिला साक्षरता मिशन बालोद जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी ने कहा बालोद जिले में अज्ञानता को दूर कर ज्ञान का प्रसार करने के लिए यह पहल की गई है। भारत सरकार और राज्य शासन के सहयोग से चल रहे इस साक्षरता अभियान के अंतर्गत बड़ी संख्या में लोगों को पढ़ना–लिखना सिखाया जा रहा है। इसके तहत सर्वे कर 15 वर्ष से अधिक आयु के अशिक्षित लोगों को चिन्हित कर उन्हें उल्लास केंद्रों से जोड़ा गया है, जहाँ नियमित रूप से शिक्षा दी जा रही है।

इस अभियान की सफल बनाने हेतु राजेंद्र कुमार देवांगन बालोद जिला परियोजना अधिकारी उल्लास समग्र शिक्षा सक्रिय भूमिका रहें है। उन्होंने लगातार क्षेत्रें का दौरा कर शिक्षार्थियों से संवाद करते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं। सभी निर्धारित उल्लास परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए इस उल्लास महापरीक्षा को निर्धारित समय 10 से 5 तक संपन्न करने हेतु निर्देश दिए। उल्लास केंद्रों में स्थानीय भाषा के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है, जिससे सीखना आसान और प्रभावी हो गया है। जिला मिशन समन्वयक अवन कुमार जांगड़े ने कहा शिक्षार्थियों को पढ़ने–लिखने के साथ–साथ गणित, बैंकिंग, हस्ताक्षर और दैनिक जीवन से जुड़ी आवश्यक जानकारी भी दी जा रही है। साथ ही उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म से भी जोड़ा जा रहा है, ताकि उनकी प्रगति का आकलन किया जा सके।

# हिंदू नववर्ष पर दीपमालाओं से सजा दुर्गा मंदिर

## नवचेतना संगठन ने बिखेरी भारतीय संस्कृति की छटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नवचेतना समाजसेवी संगठन द्वारा हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर गंजपारा, बालोद स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संगठन की महिलाओं ने फूलों से हिंदू नव वर्ष लिखकर उसे दीपमाला से सजायी, जो आकर्षण का केंद्र रहा। इस आयोजन में नगर के अनेक लोग शामिल हुए और संगठन के प्रयास की प्रशंसा की। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर माता रानी के मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना की गई। बहनों ने माता को चुनरी अर्पित की तथा विभिन्न प्रकार के भोग–प्रसाद समर्पित किए। उपस्थित सभी लोगों का मुँह मीठा कराया गया और एक–दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएँ दी गईं। साथ ही भारत माता की आरती भी की गई।

संगठन की संयोजिका पद्मिनी देवेंद्र साहू ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल नव वर्ष मनाना नहीं, बल्कि इसकी महत्ता को जन–जन तक पहुंचाना और भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने बताया कि हिंदू नव वर्ष प्रकृति के नव श्रृंगार और सृष्टि के आरंभ का प्रतीक है। इसी दिन चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ होता है, जो शक्ति, भक्ति, संयम और आराधना का संदेश देता है। इसके साथ ही गुड़ी पड़वा, झूलेलाल जयंती, अंगद देव जयंती एवं वरुण देव जयंती का भी महत्व है। इस अवसर पर संगठन की पदाधिकारी संयोजिका पद्मिनी देवेंद्र साहू, सह–संयोजिका दुर्गा जोशी, सचिव डिलेश्वरी साहू, सह–सचिव रीता पाठक, कोषाध्यक्ष ज्योति पटेल, सह–कोषाध्यक्ष वर्षा दुबे, रुक्मणी कोसरे, सरिता साहू, सुशीला, शशि प्रभा सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में नगर के पंडित सत्यनारायण शर्मा, पं. रामनाथ योगी, मुक्ति सोनवानी, ममता टावरी, कविता बक्शी, उत्तम साहू, गया साहू, संतोष सोनकर सहित अन्य नगरवासी भी उपस्थित थे।

## भीमाटोला में कर्मा जयंती आज

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम भीमाटोला में 21 मार्च को परिक्षेत्रीय स्तरीय कर्मा जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र के साहू समाज एवं ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की सहभागिता अपेक्षित है।



कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे प्रभात फेरी एवं कलश यात्रा के साथ होगी। इसके पश्चात प्रातः 10.30 से 11 बजे तक ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रातः 11 बजे से अतिथियों का आगमन एवं सम्मान समारोह होगा। दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक अतिथियों के उद्बोधन होंगे। वहीं शाम 4 से 5 बजे तक प्रसाद वितरण एवं समापन कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल कला मंच, भीमाटोला निर्धारित किया गया है। साथ ही दोपहर 1 बजे से आगंतुकों के लिए भोजन भंडारा की व्यवस्था भी की गई है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में तोमन साहू जी उपस्थित रहेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र प्रसाद साहू जी करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल होंगी। विशेष अतिथियों में लोकेश्वरी गोपी साहू, पुरुषोत्तम साहू, हेमकुमार रावटे, गोमती नायक एवं पुरुषोत्तम नायक की उपस्थिति रहेगी। ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु परिक्षेत्र साहू समाज एवं ग्रामीण पदाधिकारी सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त समाजजनों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर दिव्य झांकी, खप्परवाड़ा भागवत कथा में सजाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

ग्राम खप्परवाड़ा में आयोजित संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के दिव्य विवाह का पावन प्रसंग बड़े ही भव्य और भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

कथावाचक पं. भूपेंद्र पांडे ने रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए बताया कि माता रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण को मन ही मन अपना पति मान चुकी थीं। जब उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह शिशुपाल से तय किया, तब रुक्मिणी जी ने श्रीकृष्ण को संदेश भेजा। भगवान श्रीकृष्ण ने समय पर पहुंचकर रुक्मिणी जी का हरण किया और उन्हें अपने साथ ले जाकर विधि-विधान से विवाह किया। कथावाचक ने बताया कि यह प्रसंग सच्चे प्रेम, आस्था और भगवान के प्रति अटूट विश्वास का प्रतीक है। भगवान अपने सच्चे भक्तों की पुकार अवश्य सुनते हैं और उन्हें हर संकट से उबारते हैं। कथा के दौरान विवाह प्रसंग को भव्य रूप से मनाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा वातावरण राधे-कृष्ण और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा।

यह धार्मिक आयोजन स्व. वीरेंद्र सिंह चंद्राकर जी की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। आयोजन में उनके पुत्र संदीप चंद्राकर और सौरभ चंद्राकर सहित परिवारजनों और ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। यह धार्मिक आयोजन स्व. वीरेंद्र सिंह चंद्राकर की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है।

# जीवन में सार्थक परिवर्तन के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, आत्मज्ञान भवन आमापारा द्वारा ग्राम मुजगहन करहीभदर में सात दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

- मुजगहन में 7 दिवसीय राजयोग शिविर का शुभारंभ






मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़कर व्यक्ति अपने जीवन में श्रेष्ठ परिवर्तन ला सकता है। सरपंच देवेन्द्र कुमार पाल ने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस शिविर का लाभ लेकर अपने परिवार और समाज में सकारात्मक बदलाव के सहभागी बनें। ब्रह्माकुमारीज़ की संचालिका बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने वर्तमान समय में बढ़ते तनाव और अशांति पर चर्चा करते हुए कहा कि परमात्मा द्वारा प्रदत्त राजयोग की शिक्षा से ही हम अपने अवगुणों को दूर कर जीवन को सद्गुणों से श्रृंगारित कर सकते हैं।

### खुशी ईश्वर का अनमोल उपहार

मुख्य वक्ता बीके नेहा दीदी ने खुशहाल जीवन के टिप्स देते हुए कहा कि खुशी ईश्वर द्वारा दिया गया निःशुल्क उपहार है, जिसे खरीदा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, खुशी जैसी कोई खुराक नहीं है; यदि मन प्रसन्न है, तो साधारण भोजन भी अमृत समान लगता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सच्ची खुशी लॉफिंग क्लब या दवाइयों से नहीं, बल्कि स्वयं की पहचान और परमात्मा से जुड़ने पर ही मिलती है। कार्यक्रम में ग्राम पटेल मोहन सिंह ठाकुर, नेवेन्द्र साहू, गुलाब साहू, उमेश्वरी नेताम, नुर खां सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन बीके भोपसिंह साहू ने किया।

# सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान के प्रथम चरण में 12 पंचायतों का चयन

**कुसुमकसा।** सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत बालोद जिला के प्रथम चरण में 12 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। इसमें विकास खंड डौंडी के दो ग्राम पंचायत खैरवाही एवं गुजरा को चयनित है। इसी क्रम में 20 मार्च को ग्राम पंचायत गुजरा में सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायत बनाने एक जन जागरूकता हेतु आवश्यक बैठक रखी गई। इसमें सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबन्ध पर विशेष चर्चा की गई एवं सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबन्ध हेतु शपथ दिलाया गयी। इसमें ग्राम पंचायत गुजरा से जनपद सदस्य विशांतिन आर्य, पार्वती मंडावी सरपंच ग्राम पंचायत गुजरा, उपसरपंच, पंचगण, हितेश साहू, डीएस यादव विकास खंड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण जनपद पंचायत डोंडी, शत्रुघन पिस्दा सचिव ग्राम पंचायत गुजरा, बिहान की महिलाएं, स्वच्छग्राही, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सर्व समाज प्रमुख,गणमान्य नागरिक, दुकानदार एवं आम नागरिक उपस्थित थे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
13 मई, 10 जून 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर